DATE

494 हिमाचल दस्तक 22/06/2026 (अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# बतरा कॉलेज में योग दिवस समारोह का आयोजन

**हिमाचल दस्तक ■ पालमपुर**



शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन महाविद्यालय के योग एवं फिटनेस क्लब द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य पंकज सूद रहे। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग की योग प्रशिक्षिका डिंपल, कुशाल तथा रिशु ने योग एवं ध्यान (मेडिटेशन) सत्र का संचालन किया। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया तथा उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी।

495 दैनिक जागरण 23/06/2026

2 दैनिक जागरण धर्मशाला, 23 जून, 2026

# नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ इग्नू से हासिल कर सकते उच्च शिक्षा

**संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर :** बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र 1187 के समन्वयक डा. दीप कुमार ने कमांडो अकादमी पालमपुर के लगभग 300 प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षु अपनी व्यावसायिक एवं शारीरिक प्रशिक्षण गतिविधियों के साथ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के माध्यम से दूरस्थ शिक्षा प्राप्त कर स्नातक एवं अन्य उच्च शिक्षा संबंधी डिग्रियां पूरी कर सकते हैं। वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में केवल प्रशिक्षण या कौशल ही नहीं, बल्कि शैक्षणिक योग्यता महत्वपूर्ण है। इग्नू विद्यार्थियों को लचीली एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है, जिससे वे अपने नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभावित किए बिना उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने इग्नू द्वारा संचालित विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा तथा प्रमाणपत्र कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते कहा कि शिक्षा और कौशल का समन्वय उनके उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बन सकता है। इग्नू के माध्यम से प्राप्त डिग्रियां राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं ने इग्नू में प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रमों तथा अध्ययन सुविधाओं से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका डा. दीप कुमार ने उत्तर दिया। प्रशिक्षुओं ने इस जानकारी को उपयोगी बताते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त करने की रुचि व्यक्त की।

उधर, शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए पीजीडीसीए प्रथम सत्र की आनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 22 जून से शुरू हो गई है। इच्छुक विद्यार्थियों को आनलाइन माध्यम से पंजीकरण करवाना होगा।

classmate

DATE

496 पंजाब केसरी 23/06/26

## इग्नू की दूरस्थ शिक्षा योजनाओं बारे दी जानकारी

पालमपुर, 22 जून (भृगु) : शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र 1187 के समन्वयक डॉ. दीप कुमार ने कमांडो अकादमी पालमपुर के लगभग 300 प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रशिक्षुओं को बताया कि वे अपनी व्यावसायिक एवं शारीरिक प्रशिक्षण गतिविधियों के साथ-साथ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के माध्यम से दूरस्थ शिक्षा प्राप्त कर अपनी स्नातक एवं अन्य उच्च शिक्षा संबंधी डिग्रियां पूर्ण कर सकते हैं। उन्होंने इग्नू द्वारा संचालित विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा तथा प्रमाणपत्र कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रदान की। इग्नू के माध्यम से प्राप्त डिग्रियां राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं तथा विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी रोजगार अवसरों में समान रूप से मान्य हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं ने इग्नू में प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रमों तथा अध्ययन सुविधाओं से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. दीप कुमार ने उत्तर दिया।

497 दिव्य हिमाचल 23/06/26

## प्रशिक्षुओं को उच्च शिक्षा के महत्त्व पर बांटा ज्ञान

पालमपुर। शहीद कैप्टन बिक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र 1187 के समन्वयक डा. दीप कुमार ने कमांडो अकादमी पालमपुर के लगभग 300 प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षुओं को बताया कि वे अपनी व्यावसायिक एवं शारीरिक प्रशिक्षण गतिविधियों के साथ-साथ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय 'इग्नू' के माध्यम से दूरस्थ शिक्षा प्राप्त कर अपनी स्नातक एवं अन्य उच्च शिक्षा संबंधी डिग्रियां सफलतापूर्वक पूर्ण कर सकते हैं। डा. दीप कुमार ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में केवल प्रशिक्षण या कौशल ही नहीं, बल्कि शैक्षणिक योग्यता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

498 हिमाचल दस्तक 23/06/26

## 300 प्रशिक्षुओं को इग्नू की दूरस्थ शिक्षा योजनाओं की दी जानकारी

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र 1187 के समन्वयक डॉ. दीप कुमार ने कमांडो अकादमी पालमपुर के लगभग 300 प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षुओं को बताया कि वे अपनी व्यावसायिक एवं शारीरिक प्रशिक्षण गतिविधियों के साथ-साथ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि (इग्नू) के माध्यम से दूरस्थ शिक्षा प्राप्त कर अपनी स्नातक एवं अन्य उच्च शिक्षा संबंधी डिग्रियां सफलतापूर्वक पूर्ण कर सकते हैं। डॉ. दीप कुमार ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में केवल प्रशिक्षण या कौशल ही नहीं, बल्कि शैक्षणिक योग्यता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इग्नू विद्यार्थियों को लचीली एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है, जिससे वे अपने नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभावित किए बिना उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने इग्नू द्वारा संचालित विभि स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा तथा प्रमाणपत्र कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। इग्नू के माध्यम से प्राप्त डिग्रियां राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं तथा विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी रोजगार अवसरों में समान रूप से मान्य हैं।

DATE

449. दिव्य हिमाचल 8/07/2026

## शहीद कैप्टन विक्रम बतरा के आदर्शों पर चलें लोग



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन विक्रम बतरा की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अव[illegible] महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद, शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी, एन[illegible] कैडेट्स और विद्यार्थियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। [illegible]चार्य प्रो. पंकज सूद ने कहा कि कैप्टन विक्रम बतरा का अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहेगा। उन्होंने कारगिल युद्ध में उनके अद्वितीय शौर्य और ये दिल मांगे मोर के अमर उद्घोष को याद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, कर्त्तव्यनिष्ठा और सेवा-भाव को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने शहीद कैप्टन विक्रम बतरा के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।

450 पंजाब केसरी 8/07/26

# शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा को पालमपुर में भावभीनी श्रद्धांजलि

## महाविद्यालय, रोटरी क्लब और इन्नरव्हील क्लब ने किया नमन

पालमपुर, 7 जुलाई (भृगु/सुरेश): कारगिल युद्ध के परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा की पुण्यतिथि पर सोमवार को पालमपुर में विभिन्न संस्थाओं ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय, रोटरी क्लब पालमपुर और इन्नरव्हील क्लब पालमपुर की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में उनके अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. पंकज सूद, शिक्षकों, कर्मचारियों, एन.सी.सी. कैडेट्स और विद्यार्थियों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य ने कहा कि कैप्टन विक्रम बत्रा का जीवन युवाओं के लिए साहस, अनुशासन, कर्त्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और शहीद के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। रोटरी क्लब पालमपुर की ओर से अध्यक्ष डॉ. राजेश सूद, सचिव डॉ. अरुण व्यास, पूर्व अध्यक्ष अजय सूद, राघव शर्मा, सुरेंद्र मोहन, मनोज सूद तथा शहीद मेजर सुधीर वालिया के परिजन प्रवीण अहलूवालिया सहित अन्य सदस्यों ने भी शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं इन्नरव्हील क्लब पालमपुर की अध्यक्ष वंदना शर्मा के नेतृत्व में सदस्यों ने स्मारक पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। उन्होंने कहा कि कैप्टन विक्रम बत्रा का बलिदान सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में आभा पीटर, पूनम सूद, सीमा शर्मा, किरण शर्मा, अनीता कपूर, रेखा, मधु नेगी, ज्योति ठाकुर, विपना शर्मा, पुष्पा महाजन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

## कैप्टन विक्रम बत्रा का शौर्य और बलिदान हर भारतीय के लिए प्रेरणा : आशीष

पालमपुर, 7 जुलाई (गौरव): कारगिल युद्ध के अमर नायक एवं परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा के बलिदान दिवस पर नगर निगम पालमपुर परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए कैप्टन विक्रम बत्रा की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पालमपुर की धरती ने देश को ऐसा वीर सपूत दिया, जिसने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर देश का गौरव बढ़ाया। उन्होंने युवाओं से कैप्टन विक्रम बत्रा के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र प्रथम की भावना, अनुशासन, कर्त्तव्यनिष्ठा और समर्पण को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।



पालमपुर : कारगिल युद्ध के अमर नायक तथा परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि देते पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल। (गौरव)

PAGE